# नोएडा और चंगवान सिस्टर सिटी बनेंगे

लखनऊ | विशेष संवाददाता

नोएडा के निवासियों और वहां चल रही औद्योगिक इकाईयों को और बेहतर सहूलियतें देने के बाबत बुधवार को कोरिणा गणराज्य के चंगवान सिटी और नोएडा के बीच सिस्टर सिटी समझौता हुआ। समझौते पर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन संजीव मित्तल और चंगवान सिटी के मेयर हू सुंगमू ने हस्ताक्षर किये।

कोविडा-19 के चलते समझौते पर वर्चुअल माध्यम से हस्ताक्षर किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत में चंगवान सिटी और नोएडा प्राधिकरण द्वारा अपने निवासियों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत और अवस्थापना सुविधाओं की जानकारी वीडियो के जरिये दी गयी। इस वीडियो में अपने-अपने क्षेत्र में प्रमुख औद्योगिक इकाईयों और पर्यावरण के संरक्षण में किये जाने वाले कार्यों की जानकारी भी शामिल थी।

चंगवान सिटी के मेयर ने इस समझौते को दक्षिण कोरिया और भारत की परम्परागत सांस्कृतिक व आर्थिक सम्बंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया।